मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

अनुक्रमांक

नाम

936

# 830(NV)

## 2020

## चित्रकला

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :**

i) मुखपृष्ठ (cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर पत्र के ऊपर दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए।

ii) प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड **क** का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड **ख** और खण्ड **ग** में से किसी **एक** खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।





iii) खण्ड **क** के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' **अथवा** 'आलेखन' **अथवा** 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है।

iv) खण्ड **ख** से 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड **ग** से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** का ही उत्तर देना है।

v) केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाएँ।

### खण्ड 'क'

### (अनिवार्य)

### ( प्राकृतिक दृश्य चित्रण )

1. 20 सेमी × 25 सेमी के आयत में सड़क के पास विकसित स्वच्छ 'गाँव की हाट' (बाजार) का प्राकृतिक दृश्य चित्रण कीजिए। हाथ में सामान की डोल्ची लिए घर की ओर लौटती महिला, उसके साथ गुब्बारा लिए हुए प्रसन्न बच्चा चित्रित कीजिए। कुछ पेड़ और झोपड़ी, आसमान में उड़ते पक्षी चित्र में दर्शाइए।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :

| | | |
|---|---|---|
| अ) | सही रचना एवं परिप्रेक्ष्य | 15 |
| ब) | संयोजन | 7½ |
| स) | सुसंगत रंगों का चयन एवं प्रयोग | 15 |
| द) | आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव। | 7½ |

**अथवा**

( आलेखन )

अपने ड्राइंग उत्तर पत्रक पर बीचोंबीच 18 सेमी × 16 सेमी की आयत में पूर्ण मौलिक इकाई वाला आलंकारिक आलेखन बनाइए। आलेखन मन्दिर के छत की सजावट के लिए उपयुक्त हो। डिज़ाइन किसी भारतीय पुष्प, पत्ती एवं कलियों पर आधारित हो। डिज़ाइन में किन्हीं तीन सुन्दर संगति वाले जलरंगों का प्रयोग कीजिए।

आलेखन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

अ) इकाई की मौलिकता 15

ब) लयात्मक रेखांकन 7½

स) रंगों का चयन एवं आकर्षण 15

द) सामान्य प्रभाव। 7½

**अथवा**

**( प्राविधिक कला )**

**सूचना :**

i) निम्नलिखित **पांच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए।

ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

iii) रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट दिखाइए।





iv) रफ़ कार्य अलग श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। उसे भी अपने उत्तर पत्रक के साथ संलग्न कीजिए। $3 \times 15 = 45$

अ) 13 सेमी परिमाप वाले एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसकी तीनों भुजाओं का अनुपात 4 : 5 : 6 हो। 8 + 7

ब) एक आयत **अ ब स द** की रचना कीजिए जिसका क्षेत्रफल 15 वर्ग सेमी है। अतः इस आयत के क्षेत्रफल के बराबर एक वर्ग की रचना कीजिए। 8 + 7

स) दो समान वृत्तों '**क**' एवं '**ख**' की तिर्यक स्पर्श रेखा खींचिए जिनकी त्रिजाएँ बराबर 3 सेमी हैं और उनके केन्द्रों के बीच की दूरी 7 सेमी है। 8 + 7

द) एक साधारण मापनी की रचना कीजिए जिसकी प्रदर्शक भिन्न $\frac{1}{30}$ दी गई है, जिसके द्वारा मीटर और डेसीमीटर की दूरी पढ़ी जा सके। मापक पर 2 मीटर 4 डेसीमीटर की दूरी दर्शाइए। 5 + 5 + 5

य) 6 सेमी भुजा के वर्ग में एक ज्यामितीय आलेखन की रचना कीजिए, जो कि त्रिभुज, वर्ग और रेखाओं पर आधारित हो। 7 + 8

खण्ड 'ख'

( स्मृति चित्रण )

2. इस प्रश्न में दो भाग अ तथा ब हैं। दोनों ही भागों को चित्रित कीजिए।

अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा बनाइए। चित्र 15 सेमी से कम न हो।

चित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें :

i) रेखा सौष्ठव 6

ii) आकृति की अनुरूपता 6½

a) गुलदस्ता

b) गोंददानी

c) रैकेट एवं शटल कॉक

d) तोता।

ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा कीजिए। चित्र 15 सेमी से कम न हो।

चित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें :

i) रेखा सौष्ठव 6

ii) आकृति की अनुरूपता 6½

a) पपीता

b) अमरूद पत्ती सहित

c) बैंगन

d) दो टमाटर।

**अथवा**





खण्ड 'ग'

( भारतीय चित्रकला )

3. अ) अजन्ता चित्रों में प्रयुक्त रंग और तकनीक की विशेषताओं को लिखिए। 15

**अथवा**

भारतीय प्रागैतिहासिक चित्रकला के चार प्रमुख केन्द्रों के विषय में लिखिए। 15

ब) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर चार विकल्पों में दिए गए हैं। उनमें से सही विकल्प चुन कर अपनी उत्तर पुस्तिका में क्रमानुसार लिखिए।

i) अजन्ता गुफा किस प्रदेश में स्थित है ?

अ) राजस्थान ब) मध्य प्रदेश

स) बिहार द) महाराष्ट्र। 1

ii) तटस्थ रंग कितने होते हैं ?

अ) चार ब) दो

स) तीन द) एक। 1

iii) अजन्ता की गुफाओं की खोज किसने की ?

अ) मुगलों ने ब) आर्यों ने

स) राजपूतों ने द) अंग्रेजों ने। 1

iv) सबसे महीन ब्रुश कौन-सा विकल्प प्रदर्शित करता है ?

अ) 6 नं०

ब) 1 नं०

स) 4 नं०

द) 2 नं०। 1

v) समबाहु त्रिभुज का प्रत्येक कोण होता है

अ) 60° ब) 45°

स) 30° द) 15°. 1

vi) हरा रंग किन दो रंगों के मिश्रण से बनता है ?

अ) लाल-पीला ब) नीला-सफेद

स) पीला-नीला द) लाल-नीला। 1

vii) पंचमढ़ी किस प्रदेश में स्थित है ?

अ) उत्तर प्रदेश ब) मध्य प्रदेश

स) हरियाणा द) आन्ध्र प्रदेश। 1





viii) पटुआ शैली का प्रमुख केन्द्र था

अ) मिर्जापुर ब) कलकत्ता

स) बनारस द) लखनऊ। 1

ix) वस्त्र पर डिज़ाइन किस माध्यम से सही लगेगा ?

अ) तैल रंग ब) पोस्टर रंग

स) एक्रेलिक रंग द) पेस्टल रंग। 1

x) निम्नलिखित में से कौन-सा आकार आलेखन के लिए उपयुक्त नहीं है ?

अ) वृत्त ब) वर्ग

स) त्रिकोण द) कोण। 1

830(NV) - 3,80,000